मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 95, मुंबई, शनिवार, 20 मई, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# फिर नोटबंदी!



## 2000 का नोट सर्कुलेशन से होगा बाहर, आरबीआई लेगा वापस

नॉन-अकाउंट होल्डर भी किसी भी बैंक शाखा में एक बार में 20,000/- की सीमा तक 2000 के नोट बदलवा सकता है

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अब बाजार में 2000 रुपए का नोट नहीं दिखेगा। आरबीआई ने इस नोट को वापस लेने का फैसला लिया है। आरबीआई के फैसले के अनुसार 2000 रुपए का नोट सर्कुलेशन से वापस लिया जाएगा। हालांकि मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### 2019 से 2000 रुपए के नोटों की छपाई बंद है

आरबीआई ने 2019 से 2000 के नोटों की छपाई बंद कर दी है रिजर्व बैंक 2000 का नोट सर्कुलेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। 2 हजार का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए थे। इसकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया था।




### 30 सितंबर तक बैंकों में बदल सकेंगे, एक बार में 10 नोट ही चेंज होंगे


### जिनके पास है 2000 रुपए का नोट वो अब क्या करें

- जिनके पास 2000 रुपए के नोट हैं, वो इसे बैकों में जमा करा सकते हैं।
- इसके लिए 30 सितंबर 2023 तक की समयसीमा तय की गई है।
- 23 मई 2023 से किसी भी बैंक में एक समय में 2000 रुपए के नोट को दूसरे नोटों से बदला जा सकेगा।
- 2000 रुपए के नोट को बदलने की सीमा 20000 रुपए तय की गई है।

### 'क्लीन नोट पॉलिसी' के तहत रिजर्व बैंक ने यह फैसला किया है

## मुंबई में 22 दिन के मासूम को 7 लाख में बेचा

### डॉक्टर सहित 6 अरेस्ट




**मुंबई।** मुंबई के ठाणे में सनसनीखेज घटना सामने आई है। 22 दिन के मासूम को सात लाख रुपए में बेचने के आरोप में डॉक्टर सहित कुल 6 लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है कि एक एनजीओ को ऐसी सूचना मिली थी कि उल्हासनगर के महालक्ष्मी नर्सिंग होम में नवजात बच्चों की खरीद-बिक्री की जाती है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## महाराष्ट्र के कई गांवों ने एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर लगाया बैन

### दुकानदारों को दी चेतावनी!



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई गावों ने सेहत के लिए खतरनाक एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोल्हापुर जिले के दो गांवों द्वारा एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर बैन लगाने के बाद कुछ और गांव इस दिशा में आगे बढे है। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चे एनर्जी ड्रिंक्स के आदी होते जा रहे हैं। इसलिए ऐसे पेय पदार्थों की बिक्री को रोका जा रहा है। कोल्हापुर के नवे परगाँव और जूने परगाँव गांवों ने इस महीने की शुरूआत में एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

# जब हित मिलते ना हों



**भारत-ईयू के बीच फिलहाल सबसे विवादास्पद मुद्दा ईयू का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म है। इसके तहत जनवरी 2026 से दूसरे देशों से ईयू आने वाले कुछ उत्पादों पर कार्बन टैक्स लगेगा। इन देशों में भारत भी शामिल है।**

भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के आर्थिक हितों में समानता नहीं है, यह बात बार-बार जाहिर हुई है। लेकिन दोनों पक्षों की कूटनीतिक जरूरतें संभवतः अवश्य समान हैं। इसलिए दोनों पक्षों में बार-बार व्यापार समझौते पर वार्ता आयोजित की जाती है, हालांकि वह कहीं पहुंचती नहीं दिखती। वार्ता के ताजा संस्करण का हाल इससे अलग होगा, इसकी संभावना कम ही है। भारत सरकार के तीन मंत्री इस वार्ता में भाग लेने के लिए ब्रसेल्स पहुंचे। वहां भारत-ईयू व्यापार और तकनीक परिषद की बैठक शुरू हुई है। लेकिन यह आरंभ में ही स्पष्ट हो गया कि बैठक से बड़ी घोषणाओं की उम्मीद नहीं है। ईयू के एक नियम को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बरकरार है। इस परिषद की के गठन घोषणा 2022 में यूरोपीय आयोग की प्रमुख उसुर्ला फोन डेय लायन की भारत यात्रा के दौरान हुई थी। फरवरी 2023 में आधिकारिक रूप से परिषद की स्थापना की गई और अब बेल्जियम में इसकी पहली शीर्ष बैठक आयोजित हुई है। परिषद का उद्देश्य भारत और ईयू के बीच व्यापार और तकनीक के क्षेत्रों में रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। भारत और ईयू के बीच इस समय सबसे विवादास्पद मुद्दा हाल ही में ईयू द्वारा मंजूर किया गया ईयू कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म है। इसके तहत जनवरी 2026 से दूसरे देशों से ईयू आने वाले कुछ उत्पादों पर कार्बन टैक्स लगेगा। यह टैक्स उन देशों के उत्पादों के आयात पर लगेगा, जहां उत्पादन मुख्य तौर पर कोयले से मिलने वाली ऊर्जा पर निर्भर है। इनमें भारत भी शामिल है। लिहाजा भारत से स्टील, एल्यूमीनियम, सीमेंट और खाद जैसे उत्पाद ईयू निर्यात करने वाली कंपनियों को यह कर भरना पड़ेगा। इससे ईयू में इन उत्पादों का दाम भी बढ़ जाएगा और उनके लिए दूसरे देशों में उत्पादित वस्तुओं से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाएगा। भारत ने कहा है कि यह टैक्स व्यापार के रास्ते में एक अवरोधक है। इससे विश्व व्यापार संगठनों के नियमों का उल्लंघन भी हो सकता है। मगर ईयू फिलहाल इस तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं दिख रहा है। जाहिर है, दोनों पक्षों की समझ और हितों में टकराव बना हुआ है।

# धर्म के नाम पर अधर्म कहाँ तक उचित

**आज** देश में ऐसा समय आ गया है कि हर तरफ केवल धर्म की ही धूम है। अनपढ़ और मन्दबुद्धि लोग धर्म और सच्चाई को जानें, या न जानें, परंतु उनके नाम पर किसी पर भी गुस्सा कर जाते हैं और जान लेने और जान देने के लिए भी तैयार हो जाते हैं। गलती उन कुछ चलते-पुरजों अर्थात पढे-लिखे लोगों का, जो मूर्ख लोगों की शक्तियों और उत्साह का गलत उपयोग इसलिए कर रहे हैं ताकि उन मूर्खों के बल के आधार पर पढे-लिखे लोगों का नेतृत्व और बड़प्पन कायम रहे। इसके लिए धर्म और सच्चाई की बुराइयों से काम लेना उन्हें सबसे आसान लगता है। हमारे देश के साधारण से साधारण आदमी तक के दिल में यह बात अच्छी तरह बैठी हुई है कि धर्म और सच्चाई की रक्षा के लिए प्राण तक दे देना बिलकुल सही है। पाश्चात्य देशों में, धनी लोगों की, गरीब मजदूरों की झोंपड़ी का मजाक उड़ाते ऊँचे-ऊँचे मकान आकाश से बातें करते हैं!

गरीबों की कमाई ही से वे अमीर से अमीर होते जा रहे हैं, और उन गरीब मजदूरों के बल से ही वे हमेशा इस बात का प्रयास करते हैं कि गरीब सदा चूसे जाते रहें। ताकि वे हमेशा अमीर बने रहें। गरीबों का धनवान लोगों के द्वारा शोषण किया जाना इतना बुरा नहीं है, जितना बुरा धनवान लोगो का मजदूरों की बुद्धि पर वार करना है। धर्म और सच्चाई के नाम पर किए जाने वाले इस भीषण व्यापार को रोकने के लिए, साहस और दृढ़ता के साथ, उद्योग होना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होगा, तब तक भारतवर्ष में हमेशा बढ़ते जाने वाले झगडे.कम नहीं होंगे। चाहे धर्म की कोई भी भावना हो, किसी दशा में भी वह किसी दूसरे व्यक्ति की स्वतंत्रता को छीनने या नष्ट करने का साधन नहीं बननी चाहिए। आपका मन चाहे जिस तरह चाहे उस तरह का धर्म मानें, और दूसरों का मन चाहे, उस प्रकार का धर्म वह माने। लेखक कहता है कि दो भिन्न धर्मों के मानने वालों के टकरा जाने के लिए इस देश में कोई भी स्थान न हो। देश की स्वतंत्रता के लिए जो उद्योग किया जा रहा था, उसका वह दिन बिना किसी शक के कहा जा सकता है। आजान देने, शंख बजाने, नाक दाबने और नमाज पढ़ने का नाम धर्म नहीं है। शुद्ध आचरण और अच्छा व्यवहार ही धर्म के स्पष्ट चिह्न हैं। दो घंटे तक बैठकर पूजा कीजिए और पंच-वक्ता नमाज भी अदा कीजिए, परन्तु ईश्वर को इस प्रकार रिश्वत के दे चुकने के पश्चात, यदि आप अपने को दिन-भर बेईमानी करने और दूसरों को तकलीफ पहुँचाने के लिए आजाद समझते हैं तो, इस धर्म को, आगे आने वाला समय कदापि नहीं टिकने देगा। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि आपका आचरण दूसरों के लिए सही नहीं है तो आप चाहे कितनी भी पूजा अर्चना नमाज आदि पढ़ लें कोई फायदा नहीं होगा। साधारण लोगों की इस अवस्था से चालाक लोग इस समय उन साधारण लोगों का बहुत गलत फायदा उठा रहे हैं। पाश्चात्य देशों में, धनी लोगों की, गरीब मजदूरों की झोंपड़ी का मजाक उड़ाते ऊँचे-ऊँचे मकान आकाश से बातें करते हैं! गरीबों की कमाई ही से वे अमीर से अमीर होते जा रहे हैं, और उन गरीब मजदूरों के बल से ही वे हमेशा इस बात का प्रयास करते हैं कि गरीब सदा चूसे जाते रहें। ताकि वे हमेशा अमीर बने रहें। धर्म के नाम पर, कुछ इने-गिने आदमी अपने हीन स्वार्थों की सिद्धि के लिए, करोड़ों आदमियों की शक्ति का दुरुपयोग किया करते हैं। गरीबों का धनाढ्यों द्वारा चूसा जाना इतना बुरा नहीं है, जितना बुरा यह है कि वहाँ है धन की मार, यहाँ है बुद्धि पर मार। वहाँ धन दिखाकर करोड़ों को वश में किया जाता है, और फिर मन-माना धन पैदा करने के लिए जोत दिया जाता है। यहाँ है बुद्धि पर परदा डालकर पहले ईश्वर और आत्मा का स्थान अपने लिए लेना, और फिर, धर्म, ईमान, ईश्वर और आत्मा के नाम पर अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए लोगों को लड़ाना-भिड़ाना। मूर्ख बेचारे धर्म की दुहाइयाँ देते और दीन-दीन चिल्लाते हैं, अपने प्राणों की बाजियाँ खेलते और थोडे-से अनियंत्रित और धूर्त आदमियों का आसन ऊँचा करते और उनका बल बढ़ाते हैं। धर्म और ईमान के नाम पर किए जाने वाले इस भीषण व्यापार को रोकने के लिए, साहस और दृढ़ता के साथ, उद्योग होना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होगा, तब तक भारतवर्ष में नित्य-प्रति बढ़ते जाने वाले झगडे. कम न होंगे। धर्म की उपासना के मार्ग में कोई भी रुकावट न हो। जिसका मन जिस प्रकार चाहे, उसी प्रकार धर्म की भावना को अपने मन में जगावे। धर्म और ईमान, मन का सौदा हो, ईश्वर और आत्मा के बीच का संबंध हो, आत्मा को शुद्ध करने और ऊँचे उठाने का साधन हो। वह, किसी दशा में भी, किसी दूसरे व्यक्ति की स्वाधीनता को छीनने या कुचलने का साधन न बने। आपका मन चाहे, उस तरह का धर्म आप मानें, और दूसरों का मन चाहे, उस प्रकार का धर्म वह माने। दो भिन्न धर्मों के मानने वालों के टकरा जाने के लिए कोई भी स्थान न हो। यदि किसी धर्म के मानने वाले कहीं जबरदस्ती टाँग अड़ाते हों, तो उनका इस प्रकार का कार्य देश की स्वाधीनता के विरुद्ध समझा जाए। धर्म और ईमान के नाम पर किए जाने वाले भीषण व्यापार को रोकने के लिए धर्म की उपासना सही तरीके से करनी होगी। धर्म की उपासना के मार्ग में कोई खलल न हो। हर व्यक्ति को अपने ढ़ंग से धर्म का आचरण करने की आजादी हो। धर्म को एक ऐसा जरिया बनाना होगा जिससे आप ईश्वर से साक्षात्कार कर सकें, आत्मा को शुद्ध कर सकें और उसे ऊँचा उठा सकें। आप दूसरे किसी को भी उसका धर्मपालन करने से न रोकें।





यदि आप अपने आचरण को सुधार लें और किसी के साथ गलत ना करें तभी आप धार्मिक कहलाएँगे। समाज में सुख शांति और सबके कल्याण के लिए जरूरी है कि हर व्यक्ति अपना आचरण सुधार ले।

**पूजा गुप्ता**
**मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश)**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सड़क दुर्घटना में मृत्यु पुलिस अमल दार को एचडीएफसी बीमा कंपनी की तरफ से दिए गए एक करोड़ रुपए



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस कांस्टेबल की गत 12 नवंबर शनिवार वर्ष 2022 नितिन कंपनी ब्रिज के पास रात के समय में ड्यूटी के दौरान पेट्रोलियम करते समय सुबह 4:21 बजे पर सड़क दुर्घटना में पुलिस अमलदार घनश्याम ब्रह्मदेव गायकवाड़ को सिर पर गंभीर चोट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने एचडीएफसी बीमा कंपनी में अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी पुलिस अधिकारी और अधिकारियों के वेतन खातों का रखरखाव इसे बैंक में रखने का करार किया गया है। इस समझौते के तहत पुलिस बल के किसी भी जवान की दुर्घटना में मौत होने पर बीमा कंपनी एक करोड़ रुपए का भुगतान करता है। पुलिस कांस्टेबल घनश्याम ब्रह्मदेव गायकवाड़ की दुर्घटना में मृत्यु दुर्घटना बीमा दावा एचडीएफसी जब बैंक को प्रस्तुत किया गया, तो बैंक ने तुरंत दावे को मंजूरी दे दी। दिवंगत घनश्याम गायकवाड की माता श्रीमती मंगल ब्रह्मदेव गायकवाड को 18 मई गुरुवार को मा. श्री जय जीत सिंह, पुलिस आयुक्त, ठाणे शहर द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. महेश पाटिल, उपाध्यक्ष श्री. संदीप कोचर, उपाध्यक्ष श्री. एस कुमार उपस्थित थे।

# ठाणे मनपा प्रशासन द्वारा 19 जून को क्षेत्रीय लोकतंत्र दिवस का किया जाएगा आयोजन, 5 जून से पहले नागरिक जमा करें अपनी तकरार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए तालुक-स्तरीय लोकतंत्र दिवस की तर्ज पर, ठाणे मनपा प्रशासन ने हर महीने के तीसरे सोमवार को सर्कल-स्तरीय लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया है। उस के अनुसार 19 जून को जिला लोकतंत्र दिवस मनाया जाएगा। ठाणे मनपा प्रशासन की ओर से नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे इस लोकतंत्र दिवस के लिए 15 दिन पहले यानी 5 जून से पहले अपना तकरार जमा करा दें। नागरिक निम्न स्थानों पर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करे

परिमंडल 1- (कलवा, मुंब्रा, दिवा प्रभाग समिति अंतर्गत) कार्यालय उपायुक्त, कलवा प्रभाग समिति

कार्यालय, कलवा

परिमंडल 2 (नौपाड़ा, वागले प्रभाग समिति के अंतर्गत, उपायुक्त कार्यालय, नौपाड़ा प्रभाग समिति कार्यालय, ठाणे (प.)

परिमंडल 3 - (उथलसर, वर्तकनगर, लोकमान्य। सावरकर नगर, मजीवाड़ा मानपाड़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत) कार्यालय उपायुक्त, मजीवाड़ा मानपाड़ा प्रभाग समिति कार्यालय, ठाणे (प.)।

नागरिकों को सबसे पहले संविधान लोकतंत्र दिवस के दौरान अपने आवेदन दाखिल करने चाहिए। यदि निर्वाचन क्षेत्र लोकतंत्र दिवस के दौरान दर्ज शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो नागरिक मनपा प्रशासन में लोकतंत्र दिवस के दौरान नियमानुसार 15 दिन पहले अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्वाचन क्षेत्र लोकतंत्र दिवस के लिए नागरिकों को अपने तकरार संबंधित निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय में जमा करने चाहिए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### फिर नोटबंदी!

'क्लीन नोट पॉलिसी' के तहत आरबीआई ने यह फैसला लिया है। हालांकि इस फैसले को लेकर घबराएं नहीं... क्योंकि आरबीआई ने बाजार में मौजूद 2000 के नोटों को बदलने का विकल्प दिया है। आरबीआई ने बैंकों को 23 मई से 30 सितंबर तक 2000 के नोट लेकर बदलने के निर्देश दिए हैं। एक बार में अधिकतम बीस हजार रुपए कीमत के नोट ही बदले जाएंगे। अब से ही बैंक 2000 के नोट इश्यू नहीं करेंगे। शुक्रवार शाम आरबीआई ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। रिजर्व बैंक 2000 का नोट सकुर्लेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। आरबीआई ने कहा कि इसका ऑब्जेक्टिव पूरा होने के बाद 2018-19 में इसकी प्रिंटिंग बंद कर दी गई थी। आरबीआई ने अपने सर्कुलर में लिखा है कि वो 2000 के नोट को सकुलेशन से बाहर कर रहा है। इसकी कोई तारीख या समय नहीं दिया है। यानी ये फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बैंक में जाकर इन नोटों को बदला जा सकता है। इसके लिए 30 सितंबर 2023 तक का समय दिया गया है। नोट बदलने में कोई परेशानी न हो इसलिए बैंकों को भी इसके बारे में जानकारी दी गई है।

### महाराष्ट्र के कई गांवों ने एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर लगाया बैन

जिसके बाद पड़ोसी सांगली जिले के बाहे गांव और कोल्हापुर जिले के संगरूल्ल और हेरले गांवों ने एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला किया है। ग्रामीणों ने विरोध के तौर पर एनर्जी ड्रिंक की बोतलो को नाले में उंडेल दिया। ग्राम पंचायतों ने उन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी फैसला किया है जो प्रतिबंध के बावजूद अधिक कैफीन युक्त पेय पदार्थ बेचते पाए जाते हैं। संगरूल्ल गांव की सरपंच शीतल खाड़े ने कहा, बच्चों में एनर्जी ड्रिंक्स की मांग लगातार बढ़ रही है, कई माता-पिता शिकायत करते हैं कि बच्चे लगातार उसे पीने की मांग करते हैं। उनके आग्रह के कारण हमने अपने गांव में एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### मुंबई में 22 दिन के मासूम को 7 लाख में बेचा

उल्हासनगर की एक समाजसेविका अनीता ने अस्पताल के इस काले धंधे को उजागर करने का प्लान बनाया। उन्होंने इसके लिए अपने दो साथियों सोनू पंजाबी और सान्या हिंदुजा की मदद ली। अनीता कस्टमर बनकर अस्पताल में आई। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर से बातचीत कर बच्चे के खरीदने का सौदा सात लाख रुपए में तय किया। इसके बाद इसका एक वीडियो भी बना लिया।फिर सान्या हिंदुजा ने इस बात की जानकारी ठाणे क्राइम ब्रांच को दी। जानकारी के मुताबिक, एक महिला अपने अन्य साथियों के साथ डॉ चैनानी के नर्सिंग होम में आई। उसके हाथ में 22 दिन का मासूम बच्चा था।

# जिला पुलिस अधीक्षक की संकल्पना के तहत आयोजित रोजगार मेलावा एक प्रशंसनीय पहल






**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बोईसर।** पालघर जिला मे पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल की संकल्पना के तहत चलाये गये जनसंवाद अभियान के बाद जब उन्हें यह पता चला कि पालघर जिले में हजारों युवक - युवती विशेषकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चे भी बेरोजगार हैं और पालघर जिले के पुलिस विभाग के मुखिया होने के नाते उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बेरोजगार युवक व युवतियों व अन्य बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने की इच्छा के तहत इस रोजगार मेलावा का आयोजन किया है जिसके लिए पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल, उनके सभी सहयोगी तथा नौकरी उपलब्ध कराने वाले कारखानदार व अन्य एजेंसियां धन्यवाद की पात्र हैं। यह उद्गार पालघर के जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने तारापुर विद्या मंदिर, बोईसर के मैदान मे 17 मई को जिला पुलिस अधीक्षक बाळासहेब पाटील की संकल्पना के तहत अयोजित रोजगार मेलावा में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थितजनो को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। श्री. बोड़के ने बेरोजगारों को नौकरी उपलब्ध कराने वाले सभी उद्योजको और अन्य सेवा संस्थाओ को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने नौकरी मिलने पर सभी से अपना काम पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने की सलाह दी। इस दौरान बोलते हुए पालघर जिला के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने पूरे पालघर जिले मे पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम करने के उद्देश्य से जनसंवाद अभियान चलाया और प्रत्येक गांव में एक व्यक्ति पुलिस प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया तो इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि लोगो ने पुलिस को अप्रिय घटना होने के पहले ही सूचित कर दिया जिससे बहु चर्चित साधू हत्या कांड जैसी कई घटनाएं भी पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचा ली। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि जनसंवाद अभियान के कारण यह भी पता चला कि पालघर जिले मे अनेकों सुशिक्षित बेरोजगार आर्थिक लालच मे आकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो जाते हैं। इसी बेरोजगारी से जरुतमंद युवक व युवतियों को निजात दिलाकर उन्हे गैर कानूनी काम करने से रोकने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होने बोईसर में इस रोजगार मेलावा का आयोजन किया है। इस रोजगार मेलावा मे पुलिस कर्मचारियों के बेरोजगार युवक-युवतियो तथा अन्य बेरोजगार युवक व युवतीयो को भी रोजगार मिले इसी सद्भावना से इस रोजगार मेलावा का आयोजन किया गया है। श्री पाटील ने आगे बताया कि इस रोजगार मेलावा मे नौकरी हेतु करीब दस हजार लोगो ने अपने नाम दर्ज करवाये थे जिनमे से अभी तीन हजार लोगों को नौकरी मिलने की आशा है और बाकी के लिए भी प्रयत्न चालू रहेगा। उन्होंने सहयोग देने वाले अपने सभी सहयोगियों तथा सभी नौकरी देने वालो के प्रति आभार जताया। उन्होने आशा व्यक्त की कि इस पहल से बेरोजगारों को एक आशा की किरण दिखायी देने से वे भटकेंगे नही जिससे कानून और व्यवस्था भी मजबूत होगी। इस अवसर पर उदयोजको की संस्था 'टीमा' के अध्यक्ष वेलजीभाई गोगरी, पूर्व अध्यक्ष डी के राऊत, उपाध्यक्ष बीरेंद्र (पापा) ठाकुर, बोईसर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी नित्यानंद झा, पालघर की उपविभागीय पुलिस अधिकारी नीता पड़वी, इवेन्ट मैनेजमेंट करने वाले श्रीराम सातपुते,तारापुर विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या जॉन रोजारियो के अलावा पालघर जिला के अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अनेक थाना प्रभारी, पुलिस मित्र संगठन के राजेश संखे व पुलिस मित्र स्वयंसेवक, सैकड़ो कम्पनियो के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन पुलिस उपनिरीक्षक संदीप पाटिल ने किया। अंत मे बोईसर के थाना प्रभारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रदीप कसबे ने रोजगार मेलावा को सफल बनाने हेतु सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# देहरादून में गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज का हुआ स्वागत

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** 19 मई पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य 108 पुष्पदंत सागर महाराज ने देहरादून का भ्रमण किया। वह तिलक मार्ग स्थित जैन स्थानक पहुंचे। यहां पर बड़ी संख्या में भक्त व दूनवासियों ने उनका स्वागत किया। पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज ने कहा कि देहरादून देवभूमि है। धर्मगुरु इंसान के जीवन को बेहतर दिशा में ले जाते हैं। बच्चों में संस्कारों का रोपण करना चाहिए। इस मौके पर राजपुर विधायक खजान दास और भाजपा नेता विशाल गुप्ता। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर जैन, अंबेडकर नगर अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष वीरेश जैन ने महाराज जी की अगवानी की जैन स्थानक देहरादून द्वारा पुष्पदंत सागर महाराज का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के महामंत्री राजेश जैन, पारस टावर सचिन जैन, जैन भवन अध्यक्ष सुनील जैन, नमन जैन, अशोक जैन, संदीप जैन, पंकज जैन, मुकेश जैन, राहुल जैन, राजीव जैन, परमोद जैन, अमित जैन आदि शामिल रहे।



# डीएम अमित कुमार पांडेय की सक्रियता से मां कात्यायनी मंदिर के आयेंगे अच्छे दिन, श्रद्धालुओं को मिलेगी विशेष सुविधा

## मां कात्यायनी देवी मंदिर न्यास समिति की बैठक में डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**खगड़िया (बिहार)।** फरकिया इलाके का एकमात्र सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कात्यायनी मन्दिर का अब अच्छे दिन आने ही वाला है। क्योंकि जिलाधिकारी अमित कुमार पांडेय इसको लेकर काफी चिंतित हैं। मन्दिर की व्यवस्था, इसके प्रबंध समिति के सदस्यों और मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा व सुरक्षा देने के उद्देश्य से विगत दिनों मां कात्यायनी देवी मंदिर न्यास समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी अमित कुमार पाण्डेय ने की। बैठक में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, चढ़ावे की राशि के बैंक खाते में जमा करने, सीसीटीवी कैमरा के भुगतान, दुकानों के निर्माण, पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने इत्यादि के संबंध में चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा मां कात्यायनी देवी मंदिर न्यास समिति का बैंक खाता का संचालन नियमानुसार प्रारंभ कराने एवं बही खाते के संचालन हेतु किसी सुयोग्य व्यक्ति को रखने हेतु समिति से विचार विमर्श कर निर्णय लेने हेतु उप विकास आयुक्त को जिलाधिकारी ने अधिकृत किया। जिलाधिकारी द्वारा इसके अनुपालन की समीक्षा की गई। बताया गया कि खाता संचालन प्रारंभ नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने अगले सप्ताह में खाता संचालन शुरू कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मां कात्यायनी देवी मंदिर परिसर में अधिष्ठापित किए गए सीसीटीवी कैमरों के विपत्रों के भुगतान हेतु बिहार वित्त नियमावली के पालन करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मंदिर न्यास समिति के बही खाते के लेखा-जोखा का अंकेक्षण चार्टर्ड अकाउंटेंट से कराने का निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व के वर्षों के आय-व्यय का भी अंकेक्षण कराया जाए। मां कात्यायनी देवी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, मंदिर के सौंदर्यीकरण, गर्भगृह के जीर्णोद्धार, दुकानों का निर्माण करने, स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य योजना पर विचार किया गया। मां कात्यायनी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के समिति के सदस्यों द्वारा बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता मो० राशिद आलम, अंचलाधिकारी चौथम सुश्री प्रज्ञा नयनम सहित मां कात्यायनी देवी न्यास समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# रसोईया कर रहा विद्यालय की सफाई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कुशीनगर।** सरकार लाख कोशिश करें, कानून बनाये, फिर भी लापरवाह कर्मचारियों पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। यह कहानी है पंचायत राज विभाग जनपद -कुशीनगर की, जहां जिला पंचायत राज अधिकारी आफिस में बैठकर खरार्टा ले रहे हैं। इन्हें जिले में कौन कर्मचारी कार्य कर रहा है। क्या कर रहा है, कहां है, ड्यूटी पर है या नहीं, उसकी तनिक भी सुनी नहीं ली जा रही है।कर्मचारियों की अपने कार्यों के प्रति घोर लापरवाही कभी भी बच्चे की जान ली जा सकती है। अधिकांशतः यह देखा जा रहा है कि पंचायत राज विभाग के जिम्मेदारों द्वारा लापरवाह सफाई कर्मियों की कार्यों की जांच -पड़ताल नहीं किए जाने व उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने पर संदेह बना हुआ है। मामला कुशीनगर जनपद के विकास खंड दुदही क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत -बिजयपुर उत्तर पट्टी के प्राथमिक विद्यालय का है। जहां महीनों से विद्यालय में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। तथा सफाई कर्मी अपने कार्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतते हुए महीनों से विद्यालय न आकर अपने ड्युटी से फरार चल रहा हैऔर जिम्मेदार, सफाई कर्मियों द्वारा ड्यूटी नहीं किए जाने के बावजूद भी उसके वेतन का भुगतान करते जा रहे हैं। क्यों? इसमें कौन सी राज है। आखिर अधिकारी चाहते क्या हैं?



# ज़िला प्रशासन ने फिल्म 'प्रस्थान' के निर्देशक त्रिभुवन जालान को किया सम्मानित

## फिल्म 'प्रस्थान' के निर्देशक शिक्षाविद त्रिभुवन जालान से डॉ अरविन्द वर्मा की खास मुलाकात

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**खगड़िया।** मारवाड़ी समाज के छद्दू लाल जालान सेवा सदन संस्थापक परिवार में जन्मे विश्वनाथगंज मोहल्ले में पले बढ़े हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण करने वाले, न्यू होली गैंगेज पब्लिक स्कूल के संस्थापक निदेशक त्रिभुवन जालान से मेरी मुलाकात हुई। लगभग आधे घंटे तक उनसे वार्ता हुई, उन्होंने आपबीती सुनाई। वार्ता का सार है त्रिभुवन जी का जीवन काफी संघर्ष पूर्ण रहा। अपने परिवार का सबसे छोटा भाई होने के कारण उन्हें जमीन जायदाद की देखभाल करनी पड़ती थी स्टूडेंट लाईफ में। बावजूद इसके कला से लगाव रहा। सैकड़ों मंच पर कलाकारी के साथ साथ एक से बढ़ कर एक सुप्रसिद्ध लेखक के नाटकों का मंचन किया। जब से स्कूल की स्थापना की, पढ़ने और पढ़ाने का मौका मिला तब से शिक्षा के क्षेत्र में रह कर कुछ विशेष करने की जिज्ञासा पैदा हुई और इसमें पूरी तरह से लीन हो गया। प्रतिस्पर्धा के दौर में भी मेरा मेहनत रंग लाया और आज मेरा स्कूल सीबीएससी से 10+2 तक की मान्यता प्राप्त है। शिक्षण और प्रबंधन की अच्छी व्यवस्था होने के कारण बिहार सरकार की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मेरे स्कूल में सरकारी सेंटर बनाया जाता है। आगे त्रिभुवन जालान ने कहा मैंने गुजराती लेखक धूमकेतु द्वारा लिखित 'द लेटर' का अनुवाद कर 'प्रस्थान' नामक हिन्दी फिल्म का निर्माण, निर्देशन और महत्वपूर्ण रोल भी किया। खगड़िया में ही फि ल्म की शूटिंग हुई और अधिकतर स्थानीय कलाकारों ने अपनी अपनी भूमिका निभाई। बिहार दिवस 2023 के अवसर पर ज़िला पदाधिकारी डॉ आलोक रंजन घोष ने ' प्रस्थान' का प्रदर्शन सार्वजनिक सांस्कृतिक समारोह में किया, जिसे ज़िला पदाधिकारी सहित ज़िले के अधिकारियों, समाज सेवियों, कलाकारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने देखा और फि ल्म की सराहना की। आगे त्रिभुवन जालान ने कहा ज़िला प्रशासन द्वारा मुझे मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। फिल्म निर्देशक त्रिभुवन जालान ने ज़िले के उन तमाम फि ल्म दर्शकों को साधुवाद दिया जिन्होंने फि ल्म की सराहना की।



# भाजपा ने रामगढ़ में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राजस्थान प्रदेश में बढ़ते हुए अपराधिक मामलों एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था राजस्थान सरकार की हठधर्मिता द्दष्टि करण अकर्मण्यता की राजनीति दलितों पर अत्याचार बिजली कटौती बिजली फ्यूल सरचार्ज पेयजल समस्या रिश्वतखोरी लूटपाट बलात्कार अवैध खनन और मॉब लिंचिंग हत्या जैसे गंभीर मामलों के विरोध में रामगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया राजस्थान के राज्यपाल के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी अमित वर्मा को सौंपा। पूर्व सरपंच एडवोकेट भाजपा नेता देवेंद्र दत्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पाटा, दिनेश चौहान जिलामीडिया प्रभारी आईटी सेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरबीर चौधरी, भाजपा नेता भाजपा नेता जय आहूजा, सहदेव सिंह, रमन गुलाटी पूर्वउप जिला प्रमुख, गगनदीप सिंह जिला पार्षद रामगढ़, गोपाल ठेकेदार पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, कैलाश खंडेलवाल, ओम प्रकाश चौहान एडवोकेट, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव सोनी, युवा भाजपा नेता नवीन यादव, भूतपूर्व सैनिक शमशेर यादव, रामअवतार चौधरी जिला महामंत्री भाजपा, राजेंद्र मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगढ़, बाली प्रजापत, बादल राजपूत, जेपी जाटव, सचिन पालीवाल मंडल अध्यक्ष बगड़ तिराया, प्रवेश गुर्जर, भीम सिंह, राजेश राठी जिला पार्षद संरक्षक, राजकुमार पंडा जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ प्रभारी, महावीरजैन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगढ़, दिनेश कुमार, नीतीश जादौन, एडवोकेट मोहित जैन सहित भाजपा नेता रामगढ़ मंडल बगड़ तिराया एवं नोगावा मंडल के समस्त कार्यकारणी सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारणी सभी वर्तमान एवं पूर्व पार्षद समस्त वर्तमान को डायरेक्टर एमपीएस शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद थे। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार अमित कुमार भारद्वाज ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

# नवनियुक्त जिला उपायुक्त रेवाड़ी को किया सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

पटौदी। सामाजिक संस्था बुजुर्ग सेवा मेरा स्वाभिमान केयर फाउंडेशन द्वारा आज जिला रेवाड़ी के जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के पद भार संभालने पर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा की पूरी ईमानदारी से हर अफसरों को अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। नवनियुक्त जिला उपायुक्त ने कहा की जिले में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ठीक ढंग से गरीबों तक अवश्य इसका लाभ मिलेगा। वहीं जिलाधिकारी ने बुजुर्ग सेवा फाउंडेशन टीम का भी आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. गौतम तंवर व समाजसेवी डॉ. राजू खान जिला अध्यक गुरुग्राम अल्पसंख्यक बीजेपी राम मदान माजरा, बाबू खान हकीम आदि लोग मौजूद रहे।



# अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सालवी ने संभागीय सयुंक्त श्रमायुक्त उदयपुर से राजकीय भेंट की

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी श्रम विभाग चितौडगढ के मदन लाल सालवी ने संभाग उदयपुर कार्यालय पहुंचकर सभांगिय संयुक्त श्रम आयुक्त उदयपुर संकेत मोदी से राजकीय मुलाकात करते हुए विभागीय कार्यों पर विभिन्न विषय जिसमें बंधक श्रम अधिनियम, विभिन्न श्रम अधिनियमों में तथा अर्द्धन्यायिक कार्य, डीडीओ पावर, प्रशासनिक कार्य आदि स्तिथि पर चर्चा की। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनिल जैन, वरिष्ट स्टेनो कल्याण सिह आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मदन सालवी ओजस्वी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।



# भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्कल तिवारी ने कानून मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**


**राजस्थान।** भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पुष्कल तिवारी ने अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर कानून मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। रूरल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पुष्कल तिवारी की ओर से केंद्रीय कानून मंत्री का प्रभार मिलने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को उनके आवास पर पुष्कल तिवारी ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव गणेश नारायण शर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।



# हरियाणा कला परिषद ने किया लोकगीत व नृत्य के माध्यम से जल संरक्षण पर जागरूकता मंचन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नूंह।** हरियाणा कला परिषद के अध्यक्ष पाले राम और रामचंद्र रोहिल्ला के द्वारा जिला नूह मेवात में हरियाणवी कला के विकास के लिए अभिभावकों एवं विद्यार्थियो को जागरूक किया और साथ ही जल संरक्षण के लिए छोटी-छोटी नौटंकी के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया है। परिषद ने विद्यार्थियों को बताया की जल को किस प्रकार से बचाया जा सकता है और आज भूमिगत जल की बहुत कमी आ गई है पृथ्वी पर 70% जल पीने योग्य नहीं है यदि समुंद्र के 1 लीटर पानी को शुद्ध किया जाए तो उस पर 1000 रुपये खर्च आ जाता है यदि इसी प्रकार चलता रहा तो हमारे जीवन में जल की बेहद कमी आ जाएगी। क्योंकि जल ही कल है, जल ही जीवन है यह बच्चों से नारा भी लगवाया गया और पानी व्यर्थ ना जाए इसको बचाने के उपाय भी बताएं। जिले के गांव खेड़ा खलीलपुर में ग्रीन फ्लॉवर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को हरियाणवी लोकगीत व नृत्य के द्वारा जल संरक्षण, हरियाणवी लोकगीत एवं हरियाणवी संगीत के विषय में अभिभावक एवं विद्यार्थियों को जागरूक करके मनोरंजन कराया भी कराया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर जीएस मलिक, ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन गंगा दान डागर एवं स्कूल के एमडी ललित कुमार डागर सहित समस्त स्टाफ व एस हाई स्कूल के चेयरमैन अरुण कुमार सोलंकी और स्टाफ मौजूद रहे दोनों स्कूल संचालको ने पाले राम और रामचंद्र की टीम का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा की वास्तव में इनका कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय रहा वही, ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी के चेयरमैन ने तो इन कलाकारों को सम्मानित भी किया है और कहा की इस प्रकार का कार्यक्रम मेवात जिले में होते रहना चाहिए। बताया जा रहा है की जुलाई में 20 दिन की स्कूलों में ट्रेनिंग देकर के बच्चों को हरियाणवी संस्कृति लोकगीत एवं नाट्यकला और नृत्य में प्रशिक्षित भी किया जाएगा।






दैनिक मुंबई हलचल

जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# एस.ओ.जी. व थाना नन्दानगर ने 50 पेटी अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ 1 शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**चमोली।** पुलिस अधीक्षक चमोली, प्रमेन्द्र डोबाल के आदेशानुसार चमोली पुलिस द्वारा जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री करने तथा अवैध रुप से शराब का भण्डारण करने के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाते हुए कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिस क्रम में एस0ओ0जी0 टीम द्वारा मुखबिर की सूचना चैकिंग/छापेमारी के दौरान सितेल रोड़ के पास जयकृष्ण भट्ट के मकान से अभियुक्त धनेन्द्र सिंह भण्डारी पुत्र राजेन्द्र सिंह भण्डारी निवासी ग्राम सरपाणी थाना नन्दानगर चमोली के कब्जे से



50 पेटी (31 पेटी बीयर व 19 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब) बरामद की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध थाना नन्दानगर में अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके से फरार भवन स्वामी जयकृष्ण भट्ट की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गयी है। जनपद चमोली पुलिस का अवैध शराब की तस्करी, विक्रय इत्यादि की धर पकड़ हेतु अभियान निरन्तर जारी है। तथा नशे पर नकेल कसने हेतु पुलिस अधीक्षक चमोली के नेतृत्व में जनपद चमोली पुलिस प्रतिबद्व है। आम जनमानस से यही अपील है कि किसी भी प्रकार के नशे के सम्बन्ध में जनपद पुलिस को गोपनीय तौर पर सूचना दें, निश्चित ही नशा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# रक्तदान है महादान, भगवानपुर विधायक के कैंप कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन, विधायक ने रक्तदान कर सभी से की किसी का जीवन बचाने की अपील



**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**हरिद्वार।** विधायक ममता राकेश के सौजन्य से रुड़की ब्लड सेंटर की ओर से कैंप कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक ममता राकेश ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय- समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में भोपाल सैनी, उज्जवल सैनी, सुनील कुमार, गय्यूर प्रधान, सलीम अहमद नगर अध्यक्ष, नसीम, सनोज कुमार, नफीस, प्रमोद कुमार, सबल रावत व डाक्टर अमित कुमार, डाक्टर पियस सैनी, दिक्षित सैनी, वेभव शर्मा, आकाश, अंजली आदि लोग मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों की याचिका खारिज कर विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर मुहर लगाई

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों के विशेष याचिका को निरस्त कर दिया। बता दें कि इससे पहले नैनीताल हाईकोर्ट ने भी विधानसभा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के विधानसभा सचिवालय के आदेश को सही ठहराया था। बर्खास्त कर्मचारियों की ओर से दायर विशेष अनुग्रह याचिका (एसएलपी) को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे बर्खास्त कर्मचारियों को झटका लगा है। उत्तराखंड विधानसभा में नियमों के विरोध तदर्थ नियुक्तियों के संबंध में आज उच्चतम न्यायालय ने पुनः उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण के फैसले को सही ठहराते हुए बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा दाखिल याचिका (एसएलपी) को मात्र डेढ़ मिनट की सुनवाई में निरस्त कर दिया उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से पैरवी कर रहे वकील अमित तिवारी ने बताया



की वर्ष 2021 में विधानसभा में तदर्थ रूप से नियुक्त हुए 72 कर्मचारियों द्वारा दाखिल की गई याचिका (एसएलपी) को आज उच्चतम न्यायालय की डबल बेंच के न्यायधीश हृषिकेश रॉय और न्यायधीश मनोज मिश्रा द्वारा सुना गया जिसमे डबल बेंच ने मात्र डेढ़ मिनट में ही याचिकाकर्ताओं की याचिका को निरस्त कर दिया और उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण के द्वारा लिए गए फैसले को सही ठहराया। आपको बता दे की विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने नियम विरूद्ध तदर्थ नियुक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया था। जिसमें 2016 से 2021 में तदर्थ आधार पर नियुक्त 228 कर्मचारियों की विशेषज्ञ जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सेवाएं समाप्त की गई। भविष्य में विधानसभा सचिवालय में होने वाली नियुक्तियां नियम व पारदर्शिता हो इसके लिए स्पीकर ने नियमावली में संशोधन की पहल की थी। उत्तराखंड विधानसभा अब सीधी भर्ती के सभी खाली पदों को उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भरेगी। इस संशोधन के साथ शासन ने सेवा नियमावली पर सहमति जताते हुए इसे विधानसभा को लौटा दिया है। संशोधित नियमावली में विधायी को फिर से विधानसभा का प्रशासकीय विभाग बनाने का प्रावधान किया गया है। उच्चतम न्यायालय में विधानसभा सचिवालय उत्तराखंड की ओर से वकील अमित तिवारी और वकील अर्जुन गर्ग ने पैरवी की।

# ड्यूटी सोसाईटी में सम्मान समारोह का आयोजन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**अलीगढ़।** ड्यूटी सोसाईटी ने टेस्ट सीरीज में उत्तीर्ण टॉप 100 छात्रों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया। ये सम्मान समारोह उन बच्चों के लिए आयोजित किया गया जिन्होंने ग्यारहवीं ऐंट्रांस के टेस्ट सीरीज में अच्छे अंक प्राप्त किये। समारोह में उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए ड्यूटी सोसाईटी के कोऑर्डिनेटर श्री मजहर सिद्दीकी ने अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बच्चों को बधाई दी और शिक्षकों, अभिभावकों तथा अपने कर्मचारियों



का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में उत्तीर्ण टॉप 100 छात्रों को श्री सिद्दीकी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। समारोह में श्री सिद्दीकी के अलावा डा. जकी जमाल, ई. दानिश खान, ई फहीम मलिक, नबी हसन, दानिश फैज, अरशिल, जिया मोहसिन मो. इमरान कुद्दूस जाहिद अली, तैयब हुसेन, मोहसिन रजा, जुनैद, समी नायाब समद आदि उपस्थित रहे।

# मोरी में 506 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी पुलिस जनपद में नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार ताबडतोड कार्रवाइयां कर रही है, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशनः 2025 के अन्तर्गत जनपद में नशे को जड से खत्म करने के लिये सभी क्षेत्राधिकारी/कोतवाली/थाना प्रभारी/एसओजी/ एएनटीएफ को एक्टिव मोड पर रखा गया है, चारधाम यात्रा के बीच अवैध नशा कारोबारियों पर कार्रवाई हेतु उनके द्वारा प्रत्येक थाने पर स्पेशल टीमें बनायी गयी है। नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुये पुलिस



उपाधीक्षक ऑपरेशन/मोरी, प्रशान्त कुमार के निकट पर्यवेक्षण में मोरी पुलिस व एस0ओ0जी0 की स्पेशल टीम द्वारा थानाध्यक्ष मोरी, मोहन सिंह कठैत एवं एसओजी प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में गोपनीय जानकारी जुटाकर जाल बुनते हुये त्यूनी रोड, वाल्टी तप्पड़ सान्द्रा के पास से प्रह्लाद सिंह रावत नामक व्यक्ति को 506 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। पुछताछ करने पर प्रह्लाद द्वारा बताया गया कि वह अफीम को त्यूनी क्षेत्र से किसी नेपाली मूल के व्यक्ति से खरीदकर लाया है, जिसे वह अपने गांव के आस-पास बेचने जा रहा था। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थाना मोरी पर NDPS Act 08/17 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले मे अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

# सोनिया बस्ती में सड़क निर्माण कार्य का विधायक, पार्षद और मेयर प्रतिनिधि ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ



**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**हरिद्वार।** वार्ड 42 स्थित सोनिया बस्ती में सड़क निर्माण कार्य का विधायक, पार्षद और मेयर प्रतिनिधि ने स्थानीय निवासियों के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा जनता के कार्य करने चाहिए। जनता विकास कार्यों के लिए विधायक, मेयर, पार्षद, सांसद आदि का चुनाव करती है। कांग्रेस सदैव विकास कार्यों के पक्ष में रही है। पार्षद दीपिका बहादुर ने कहा कि मेयर अनिता शर्मा के सहयोग से वार्ड में विकास कार्य प्रगति पर हैं। बीजेपी सरकार होने के कारण विकास कार्यों में देरी हुई लेकिन फिर भी वार्ड की कॉलोनियों में सड़क, नाली, सीवर, पथ प्रकाश आदि कार्य करवाए जा रहे है। मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने कहा कि मेयर प्रत्येक वार्ड में कार्य करवा रही है। इसके साथ ही नगर निगम की संपत्ति पर हो रहे अवैध कब्जे भी मेयर द्वारा हटवाए जा रहे हैं। किसी को भी अवैध कब्जे करने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री नईम कुरेशी, मकबूल कुरेशी, पार्षद सोहेल कुरेशी, शहजाद फाइटर, सुनील कुमार, सतेंद्र वशिष्ठ, शाईदा कुरेशी, वसीम कुरेशी, सुजात कुरेशी, जुल्लू कुरेशी, आबाद, मयंक सिंह आदि उपस्थित थे।

# अब बच के रहियो रे बाबा, अब लद गए जेल में भी सुखनंदन के दिन!

## आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**गोंदिया।** भारत में कई वर्षों से प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में जेल में दबंगई, हत्या,ऐशो आराम, माफिया राज गुटबाजी, झगड़े इत्यादि अनेकों वारदातों के बारे में सुनते पढ़ते रहते हैं। याने अपराधी यहां पर तो कर्मकांड करते ही रहते हैं परंतु जेल में भी कुछ कम दबंगई नहीं करते वहां जेलरों, कर्मचारियों, पुलिस पर भी हमले, हत्याएं होती रहती है। वही मेरा मानना है कि जेल प्रशासन की लिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि यह बात हम सभी जानते हैं कि मिलीभगत का मामला हर जगह हर क्षेत्र में चल रहा है, क्योंकि हम जानते हैं कि जेल में अपनी पसंद का स्विमिंगपूल बनाना, खास स्त्री दोस्तों से घंटों मुलाकात करना, मोबाइल हरदम अपने पास रखना, जेल में रहकर भी रंगदारी वसूलना,चुनावलड़ना, जेल से फोन कर हत्याओं की साजिश में शामिल होने सहित अनेक बातें अभी हमें दोनों मृतक माफियाओं और एक अन्य सजा पाए गए माफिया के बारे में कई बातें सुनी परंतु अब समय आ गया है, क्योंकि बड़े बुजुर्ग कहते हैं अति का अंत होता है, पाप का घड़ा फूटता है, जुल्मों को रोकने बड़े कदम उठाते हैं। इसलिए इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए अब नया आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया है। 12 मई 2023 को पीआईबी द्वारा जानकारी जारी किया गया है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया है। अब बच के रहियो रे बाबा, अब लद गए जेल में भी सुखनंदन के दिन।

साथियों बात अगर हम जेल की करें तो, पिछले कुछ दशकों में, विश्वस्तर पर जेलों और जेल के कैदियों के बारे में एक बिल्कुल नया दृष्टिकोण विकसित हुआ है। जेलों को आज प्रतिशोधात्मक निवारक के स्थान के रूप में नहीं देखा जाता है, बल्कि उन्हें सुधारात्मक और सुधारक संस्थानों के रूप में देखा जाता है जहां कैदियों को कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में समाज में परिवर्तित और पुनर्वासित किया जाता है। भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार, जेल/उसमें निरुद्ध व्यक्ति एक राज्य विषय है। जेल प्रबंधन और कैदियों के प्रशासन की जिम्मेदारी पूरी तरह से राज्य सरकारों की है जो अकेले इस संबंध में उपयुक्त विधायी प्रावधान बनाने के लिए सक्षम हैं। हालांकि, आपराधिक न्याय प्रणाली में कुशल जेल प्रबंधन द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत सरकार इस संबंध में राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सहायता करने को अत्यधिक महत्व देती है। वर्तमान 'जेल अधिनियम, 1894' स्वतंत्रता-पूर्व युग का अधिनियम है और लगभग 130 वर्ष पुराना है। अधिनियम मुख्य रूप से अपराधियों को हिरासत में रखने और जेलों में अनुशासन और



**कैदियों को, कानून का पालन करने वाले नागरिकों में बदलना, समाज में उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना और जेलों में ऐशो आराम, दबंगई रोकने में नया अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा: एडवोकेट किशन भावनानी**

व्यवस्था को लागू करने पर केंद्रित है। मौजूदा अधिनियम में कैदियों के सुधार और पुनर्वास का कोई प्रावधान नहीं है। साथियों, पिछले कुछ वर्षों में, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पाया कि मौजूदा कारागार अधिनियम में कई खामियां हैं, जो कुछ राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जेल प्रशासन को नियंत्रित करता है, जिन्होंने नए कारागार अधिनियमित किए हैं। कार्यवाही करना। मौजूदा अधिनियम में सुधारात्मक फोकस के विशिष्ट चूक के अलावा, आधुनिक समय की जरूरतों और जेल प्रबंधन की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिनियम को संशोधित और उन्नत करने की आवश्यकता महसूस की गई। हमारे माननीय पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री के निर्णायक मार्गदर्शन में, समकालीन आधुनिक समय की जरूरतों और सुधारात्मक विचारधारा के अनुरूप, औपनिवेशिक युग के कारागार अधिनियम की समीक्षा और संशोधन करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने जेल अधिनियम, 1894 के संशोधन का कार्य पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो को सौंपा। ब्यूरो ने राज्य कारागार प्राधिकारियों, सुधारक विशेषज्ञों आदि से विस्तृत चर्चा करने के बाद एक प्रारूप तैयार किया। जेल अधिनियम,1894 के साथ-साथ कैदी अधिनियम, 1900 और 'कैदियों का स्थानांतरण अधिनियम, 1950 की भी गृह मंत्रालय द्वारा समीक्षा की गई है और इन अधिनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों को मॉडल में शामिल किया गया है। जेल अधिनियम, 2023। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अपने अधिकार क्षेत्र में अपनाकर ऐसे संशोधनों के साथ जिन्हें वे आवश्यक समझें, लाभ उठा सकते हैं और अपने अधिकार क्षेत्र में मौजूदा तीन अधिनियमों को निरस्त कर सकते हैं। समग्र रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने और जेल प्रबंधन में प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित मौजूदा जेल अधिनियम में अंतर को दूर करने के उद्देश्य से, अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए पैरोल, फरलो, कैदियों को छूट, महिलाओं / ट्रांसजेंडर कैदियों के लिए विशेष प्रावधान गृह मंत्री श्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय ने कैदियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण और कैदियों के सुधार और पुनर्वास आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अंतिम रूप दिया है। जो राज्यों के लिए और उनके अधिकार क्षेत्र में गोद लेने के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम कर सकता है।

साथियों बात अगर हम, नए मॉडल कारागार अधिनियम की कुछ मुख्य विशेषताओं की करें तो इस प्रकार हैं (1) सुरक्षा मूल्यांकन और कैदियों के अलगाव, व्यक्तिगत वाक्य योजना के लिए प्रावधान,(2) शिकायत निवारण, कारागार विकास बोर्ड, बंदियों के प्रति व्यवहार में परिवर्तन (3) महिला कैदियों, ट्रांसजेंडर आदि के लिए अलग आवास का प्रावधान।(4) कारागार प्रशासन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कारागार प्रशासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रावधान।(5) अदालतों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, जेलों में वैज्ञानिक और तकनीकी हस्तक्षेप आदि का प्रावधान।(6) जेलों में प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे मोबाइल फोन आदि का प्रयोग करने वाले बंदियों एवं जेल कर्मचारियों के लिए दण्ड का प्रावधान।(7) उच्च सुरक्षा जेल, ओपन जेल (ओपन और सेमी ओपन), आदि की स्थापना एवं प्रबंधन के संबंध में प्रावधान।

(8) खूंखार अपराधियों और आदतन अपराधियों आदि की आपराधिक गतिविधियों से समाज को बचाने का प्रावधान।

(9) अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए कैदियों को कानूनी सहायता, पैरोल, फर्लो और समय से पहले रिहाई आदि का प्रावधान। (10) कैदियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास और समाज में उनके पुनर्स्थापन पर ध्यान देना।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अब बच के रहियो रे बाबा, अब लद गए जेल में भी सुखनंदन के दिन। आदर्श कारागार अधिनियम 2023 को अंतिम रूप दिया गया। कैदियों को, कानून का पालन करने वाले नागरिकों में बदलना, समाज में उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना और जेलों में ऐशो आराम, दबंगई रोकने में नया अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा।

**-संकलनकर्ता लेखक -**
**कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

# विशेष लेख, अंग्रेज अफसर नील फैक्ट्री के मैनेजर इरविन ने रची थी मारने की साजिश

## महात्मा गांधी की जान बचाने वाले मोतिहारी के बत्तख मियां अंसारी



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी की हत्या किसने की? जवाब सभी को पता है। लेकिन क्या आप जानते हैं उस शख्स को जिसने 1917 में बापू की जान बचाई थी? उस देश प्रेमी की तीसरी पीढ़ी आज गरीबी की जिंदगी बसर कर रही है दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन यापन कर रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जान बचाने वाले बिहार मोतिहारी के बत्तख मियां अंसारी थे। घटना के 100 साल होने को है नील बनाने वालो पर अत्याचारों की पड़ताल के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बापू बिहार के मोतिहारी आए थे। नील फैक्ट्री के फिरंगी मैनेजर इरविन ने उन्हें रात के खाने पर बुलाकर उन्हें मार डालने का षड्यंत्र रचा। बत्तख मियां इरविन के रसोईया थे। इरविन ने उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बापू को जहर मिला दूध देने को कहा था। इसके बदले में उन्हें मालामाल करने का लालच भी दिया था। काम पूरा न करने पर उसे नौकरी से निकालने और सजा देने की भी चेतावनी दी गई। रात के खाने के बाद बत्तख मियां अंसारी दूध का प्याला लेकर बाबू के पास पहुंचे। मगर उन्होंने बताया कि दूध में जहर मिला है। अंग्रेजों ने बत्तख मियां अंसारी की जायदाद जब्त कर ली और उन्हें नौकरी से भी निकाल दिया। घर जला कर खाक कर दिया। और परिवार बेघर हो गया और बत्तख मियां को जेल में डाल दिया गया।

राष्ट्रपति बनने के बाद डॉ राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रपति भवन की डायरी में इस घटना का जिक्र भी किया है। बतौर राष्ट्रपति 1950 में जब वह पहली बार मोतिहारी आए तो उन्होंने बत्तख मियां को 24 एकड़ जमीन देने की घोषणा की। आज तक आदेश प्रभावी नहीं हो सका। अधिकांश जमीन बंजर और जंगली है। बत्तख मियां के निधन की जानकारी जब राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद जी को मिली तो उन्होंने 8 दिसंबर 1958 को उनके बच्चों को राष्ट्रपति भवन बुलाया। वहां ठहराया और फोटो खिंचवाई। 2010 में राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल जी ने भी परिवार को मदद दिलाने के प्रयास किए थे। बत्तख मियां के पौत्र एवं मोहम्मद जान अंसारी के पुत्र अलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि 1950 में डॉ राजेंद्र प्रसाद मोतिहारी आए तो उनसे मिलने वह अपने दादा मां-बाप के साथ गए थे। वहां उनकी मां और बत्तख मियां की बहु मोहीबन खातून ने अपना सोने का आभूषण दान में दिया। (सा.भा) बत्तख मिया अंसारी के बारे में और अधिक जानकारी के लिए आंध्र प्रदेश के ताड़ेपल्ली जिला गुंटुर के इतिहासकार सैयद नसीर अहमद द्वारा लिखित किताब गांधीजी के प्राणरक्षक बत्तख मियां अंसारी उर्दू हिंदी में पढ़ सकते हैं।

**प्रस्तुति एवं संकलन - साजिद खान**
**धनपुरी शहडोल मध्य प्रदेश**




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रवीना टंडन ने अक्षय को बताया अच्छा दोस्त

90 के दशक में रवीना टंडन और अक्षय कुमार के अफेयर की खबरें बेहद सुर्खियों में थीं। दोनों की सगाई भी हो गई थी। हलांकि, कुछ समय बाद ही यह जोड़ी अलग हो गई। हालांकि, समय के साथ अब इस एक्स कपल के बीच पहले से बेहतर रिश्ते हुए हैं। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान रवीना ने अपने और अक्षय रिश्ते पर बात की। रवीना ने बताया कि वो और अक्षय अब अच्छे दोस्त हैं, वहीं उन्होंने खिलाड़ी कुमार को इंडस्ट्री का अहम पिलर्स में से एक बताया। रवीना ने शिल्पा शेट्टी के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी बात की। माना जाता है कि रवीना के साथ ब्रेकअप के बाद अक्षय शिल्पा शेट्टी को डेट कर रहे थे। रवीना ने कहा- अक्षय और में अभी भी दोस्त हैं। हर किसी की लाइफ में एक जर्नी होती है। आपको इसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है। मैं उनके बारे में बहुत ज्यादा सोचती हूं। मुझे लगता है कि वो हमारी इंडस्ट्री के सबसे मजबूत पिलर्स में से एक हैं। वहीं शिल्पा के साथ दोस्ती के बारे में बात करते हुए रवीना ने कहा- वक्त के साथ हम करीबी दोस्त बन गए हैं। ऐसी कई चीजें हैं जो हमें एक साथ बांधती हैं। शिल्पा और उनकी बहन शमिता मेरे पति अनिल के करीबी दोस्त रहे हैं। हम अपने अच्छे समय और बुरे समय को एक साथ शेयर करते रहते हैं। बीते दिनों रवीना और अक्षय स्टाइल अवॉर्ड के इवेंट में एक साथ नजर आए थे। जहां उन्होंने एक-दूसरे के साथ डांस किया था। इतना ही नहीं दोनों ने एक दूसरे को गले भी लगाया था। लंबे समय बाद दोनों को एक साथ देखकर फैंस वाकई बेहद खुश हुए थे।





# परिणीति की शादी में प्रियंका को मिली खास ड्यूटी

**बॉलीवुड** के नए-नवेले कपल बने परिणीति चोपड़ा और राघव चढ़ा हाल ही में सगाई के बंधन में बंधे हैं। वही अपनी छोटी बहन की सगाई में शामिल होने के लिए प्रियंका विदेश से भारत आई थी। जहां प्रियंका ने अपनी बहन के लिए एक प्यार भरा पोस्ट भी साझा किया था। ऐसे में अब बहन की शादी के लिए प्रियंका को अब एक खास ड्यूटी भी दे दी गयी हैं। दरअसल प्रियंका ने अपनी छोटी बहन परिणीति चोपड़ा और राघव को सगाई की शुभकामाएं बड़े ही खास अंदाज में दी थी। जहां प्रियंका ने सगाई के कुछ अनदेखे तस्वीरों को शेयर करते हुए एक प्यार भरा कैप्शन भी लिखा था। जहां प्रियंका यह कहते दिखी थी की- बधाई हो तृषा और राघव। अब तुम्हारी शादी का इंतजार नहीं हो रहा है। मैं तुम दोनों के लिए बहुत खुश हूं। वही अब परिणीति ने इस पोस्ट पर रिएक्ट कर प्रियंका को जवाब दिया है। जहां परिणीति ने इस पोस्ट पर लिखा, मिमी दीदी जल्द ही लड़की वालों की ड्यूटी आपको मिलने वाली हैं। तैयार हो जाइए। इसी के साथ उन्होंने हंसने वाला और दिल वाला इमोजी भी पोस्ट किया। बता दे की परिणीति ने प्रियंका की शादी में खूब रंग जमाया था। साथ ही छोटी बहन होने का फूल फर्ज भी निभाया था। वहीं अब पीसी भी अपनी छोटी बहन के लिए कुछ ऐसा ही करने वाली है।

# चोटिल हुए सलमान खान

**बॉलीवुड** के भाईजान सलमान खान इन दिनों अपने पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों ही लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ऐसे में अब भाईजान अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग भी शुरू कर दी हैं। जहां फिल्म शूटिंग से अब सलमान को लेकर एक बुरी खबर सामने आ रही हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर की हैं। जिसमे सलमान के बैक पर बैंडेज बंधे हुए नजर आ रहे हैं। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। सलमान खान ने अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'जब आपको लगता है कि आप अपने कंधों पर दुनिया का भार उठा रहे हैं, तो वह कहते हैं कि दुनिया को छोड़ो पांच किलो का डंबल उठा के दिखाओ। टाइगर जख्मी है। #टाइगर3'। सलमान खान की तस्वीर में आप देख सकते है कि वह कैमरे की तरफ पीठ करके खड़े हैं और उनकी पीठ पर बैंडेज लगे हैं।